कार्य परिषद ने भी प्रस्ताव पारित करके केंद्रीय शासन को भेजा है। अतः मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि डाक्टर सर हरीसिंह गौड़ को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने का सहयोग करें।

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : महोदय, हाल ही में, उत्तर प्रदेश में मेरी लोकसभा क्षेत्र बिजनौर में जिला पंचायत सदस्य चयन के चुनाव सम्पन्न हुए हैं, जिसकी मतगणना दिनांक 25 अक्टूबर, 2005 को प्रारंभ की गयी। मतगणना प्रत्येक ब्लाक मुख्यालय पर की गयी। जहां से प्रत्याशीवार मतों की तालिका बनाकर जिला मुख्यालय को भेजी गयी थी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वाराविजयी प्रत्याशियों को घोषित किया गया। इस प्रक्रिया में ब्लाक मुख्यालय पर घोषित की गयी प्राप्त मतों की संख्या एवं जिला मुख्यालय को भेजी गयी प्राप्त मतों की सूची, कई क्षेत्रों में भिन्न थी, जिसकी तालिका कार्यवाहक जिलाधिकारी बिजनौर को मेरे द्वारा 27 अक्टूबर,2005 को दोपहर 12 बजे दी गयी और यह मांग की गयी कि विवादग्रस्त सदस्य क्षेत्रों में पुनः मतगणना की जाय। जिन क्षेत्रों में आपत्ति थी कि इनमें गलत तालिका आयी है, उनमें पुनः मतगणना की जाय, तो वहां के कार्यवाहक जिलाधिकारी ने ऐसा न करके मात्र एक ही क्षेत्र में पुनः मतगणना करायी, जिससे निष्पक्ष रूप से परिणाम घोषित हुआ। परंतु अन्य पंचायत सदस्य क्षेत्रों में मेरी मांग किये जाने के पश्चात भी कार्यवाहक जिलाधिकारी ने अपनी मर्जी एवं हठधर्मी का परिचय देते हुए मेरी सूचना देने के तीन घंटे के पश्चात अपनी इच्छानुसार विजयी परिणाम घोषत किया, जिसकी सूचना मेरे द्वारा उत्तर प्रदेश चुनाव आयुक्त को फैक्स एवं फोन द्वारा की गयी। भविष्य में

अधिकारियों द्वारा इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मेरे जिला बिजनौर में सम्पन्न हुए जिला पंचायत चुनाव की मतगणना पुनः सीबीआई द्वारा करायी जाए और भेदभाव से जिन अधिकारियों ने चुनाव परिणाम घोषित किए हैं, उनको दंडित किया जाए।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet on Monday, the 12th December, 2005 at 1100 a.m.

18.20 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, December 12, 2005/Agrahayana 21, 1927 (Saka).